नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, कटक की 55वां बैठक आयोजित

राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान में भारत सरकार के गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग के प्रावधानों के अनुसार दिनांक 26.05.2022 को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, कटक की 55वां बैठक संस्थान के निदेशक महोदया डॉ.पद्मिनी स्वाईं की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस बैठक में राजभाषा विभाग के अधीन कार्यरत हिंदी शिक्षण योजना, कटक केंद्र के सर्वकार्यभारी अधिकारी एवं बीएसएनएल कार्यालय, दूरसंचार भवन के उप महानिदेशक श्री सुशांत कुमार महांती को सम्मानित अतिथि एवं राजभाषा विभाग के प्रतिनिधी के रूप में आमंत्रित किया गया था। इस बैठक में कटक में स्थित केंद्र सरकार के कार्यालयों, बैंकों तथा उपक्रमों के कुल 34 कार्यालयों से कार्यालय प्रमुख एवं अधिकारियों सहित 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

एनआरआरआई के हिंदी प्रभारी, श्री बिभु कल्याण महांती ने उपस्थित सभी कार्यालय प्रमुखों एवं प्रतिनिधियों का परिचय प्रदान करने के पश्चात संस्थान के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी श्री वी. गणेश कुमार ने नराकास के गठन, बैठक के उद्देश्यों, केंद्र सरकार के कार्यालयों में हिंदी के प्रगतिशील उपयोग को बढ़ावा देने और राजभाषा नीति के कार्यान्वयन में आने वाली कठिनाइयों को दूर करने के लिए नराकास जैसी संयुक्त मंच की आवश्यकता पर विस्तार से वर्णन किया साथ ही यह भी बताया कि नराकास के गठन का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार के कार्यालयों में राजभाषा नीति के कार्यान्वयन की समीक्षा करना है और इसके उपयोग को बढ़ावा देना है ताकि इसके कार्यान्वयन में आने वाली समस्याओं का समाधान किया जा सके।

संस्थान के हिंदी प्रभारी ने 54वीं नराकास बैठक का कार्यवृत्त प्रस्तुत किया जिसके सभी शीर्षकों पर विचार-विमर्श करने के पश्चात पुष्टि कर दी गई। इसके पश्चात नराकास अध्यक्षा द्वारा वर्ष 2021 के अक्टूबर-दिसंबर एवं वर्ष 2022 के जनवरी-मार्च माह तक नराकास कटक के सदस्य कार्यालयों से दो तिमाहियों में प्राप्त रिपोर्टों की समीक्षा की गई जिसमें राजभाषा संबंधी वार्षिक कार्य निष्पादन में कार्यालयों की उपलब्धियों तथा कमियों की विवेचना की गई। कार्यक्रम में 55वां नराकास बैठक के नए प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। निदेशक महोदया डॉ.पद्मिनी स्वाईं ने 55वां बैठक के नए प्रस्तावों पर सम्मिलित सभी कार्य-बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की और सभी कार्यालय प्रमुखों से भारत सरकार के नियमों के आलोक में उन पर यथाशीघ्र कार्रवाई करने का अनुरोध किया। अध्यक्ष महोदय डॉ.स्वाईं ने तिमाही रिपोर्ट को राजभाषा विभाग की बेवसाइट पर अपलोड करने, कार्यालयों में प्रवीणता प्राप्त कर्मचारियों द्वारा अपने सरकारी कामकाज में हिंदी का प्रयोग अधिक से अधिक करने, ई मेल में हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने, पत्राचार की प्रतिशतता बढ़ाने आदि महत्वपूर्ण विषयों पर सभी सदस् कार्यालयों के प्रमुखों के सहित विस्तार में चर्चा किया तथा इसके अनुपालन के संदर्भ में तकनीकी कार्यशाला तथा सदस्य कार्यालयों में कार्यरत राजभाषा अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित करने के संबंध में सदस्य सचिव को निर्देश देते हुए राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान में राजभाषा संबंधी प्रशिक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। नराकास के अध्यक्ष तथा राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक के निदेशक महोदया डॉ.पद्मिनी स्वाईं ने अपने संबोधन में राजभाषा की सतत् प्रगति के लिए नराकास के सुचारू रूप से कार्य हेतु बैठक में कार्यालयाध्यक्षों की उपस्थिति को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। नराकास की पत्रिका बाराबाटी के अगले अंक के प्रकाशन हेतु रुचिपूर्ण आलेखों एवं अपने कार्यलयों में राजभाषा हिंदी संबंधी कार्यकलापों के बारे में नराकास, कटक को भेजने हेतु सभी उपस्थित सदस्यों से अनुरोध किया।

कार्यक्रम के सम्मानित अतिथि एवं हिंदी शिक्षण योजना की सर्वकार्यभारी अधिकारी तथा बीएसएनएल कटक के डीजीएम श्री सुशांत कुमार महांती ने इस अवसर पर कटक शहर में हिंदी शिक्षण योजना के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रगति का विवरण प्रस्तुत किया और सदस्य कार्यालयों से अधिक से अधिक संख्या में प्रवेश लेने की अपील की। बैठक के अंत में संस्थान के हिंदी अनुवादक ने निदेशक महोदया, सम्मानित अतिथि, संस्थान के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, उपस्थित समस्त कार्यालय के सदस्यों के अध्यक्षों एवं अधिकारियों को धन्यवाद अर्पित किया।

***